एक नजर में

शाखा प्रबंधक की अटैक से मौत

सिवनी। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस सिवनी शाखा के शाखा प्रबंधक हरीश पटले का अचानक हृदयगति रुक जाने से 7 सितंबर को लगभग शाम 5 से 6 बजे के मध्य ब्रांच परिसर में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल सिवनी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। हरीश पटले मूलत: बालाघाट के निवासी थे। अत्यंत हंसमुख मिलनसार स्वभाव के, लगभग 45 वर्ष की अल्पायु में अचानक उनका जाना बीमा क्षेत्र से जुड़े उनके सभी परिचित, पारिवारिक सदस्यों ग्राहकों एवं अन्य सभी व्यक्तियों के लिए यह समाचार स्तब्ध कर देने वाला है।

सुनवारा के श्री राम मंदिर में हुई चोरी

सिवनी। इन दिनों चोरी की घटनाएं जिले भर में काफी बढ़ गई हैं, वहीं चोरी और लूट की बड़ी हुई घटनाओं में से कुछ बड़ी चोरी व लूट में जिले की पुलिस ने सफलता तो प्राप्त की है लेकिन इसके बाद भी छोटी-बड़ी चोरियों का ग्राफ जिले में कम नहीं हुआ है, जिससे आमजन परेशान है। वहीं मंगलवार को सुनवारा के ग्रामवासियों ने बताया कि सुनवारा के सबसे प्राचीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान जी के मंदिर में चोरों ने यहां से चांदी के मुकुट व अन्य सामान चुरा लिए। वहीं ग्रामवासियों ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना थाना में दे दी गई है। ग्राम सुनवारा निवासी भारत कुमार मिश्रा व ग्रामवासियों द्वारा मंदिर में हुई चोरी की सामग्री मुकुट आदि की जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर से चोर ने गणेश जी मुकुट -250 ग्राम, छत्र - 200ग्राम, पार्वती जी मुकुट - 250ग्राम, छत्र, शंकर जी छत्र- 250ग्राम, विष्णु भगवान मुकुट 250 ग्राम, राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न धनुष बाण 300 ग्राम, राम दरबार छत्र 700ग्राम, नर्मदा जी हार 50 ग्राम, बाल गोविंद भगवान मुकुट 50ग्राम, 5 चेन लगभग 2400 ग्राम चुरा लिए।

पत्रकार पर चाकू से हमले की घटना का खुलासा

कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा, 10 मामले है दर्ज

सिवनी नवभारत। विगत दिनों सिवनी महाकौशल के संपादक शमीम खान पर अज्ञात युवक द्वारा चाकू से हमला करने के प्रयास की घटना ने पत्रकारिता जगत में चिंता का माहौल पैदा कर दिया था। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी सिवनी के रहने वाले हैं। जांच के दौरान उनकी भूमिका सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों को अभिरक्षा में लिया। इनमें से एक आरोपी बालिग है, जिसके विरुद्ध पूर्व में 10 आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज होना बताया गया है, जबकि दूसरा विधि-विरुद्ध बालक है। पुलिस द्वारा दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड एवं घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

पत्रकार पर हमले को पुलिस ने लिया गंभीरता से

पत्रकार पर चाकू से हमला करने के प्रयास जैसी घटना को लेकर पुलिस की त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपियों तक पहुंचने के लिए की गई कार्रवाई से यह संदेश गया है कि पत्रकारों पर हमला या उन्हें भयभीत करने के प्रयास को पुलिस गंभीरता से ले रही है। पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज के विभिन्न मुद्दों को सामने लाने का कार्य करते हैं। ऐसे में किसी पत्रकार को डराने, धमकाने अथवा उस पर हमला करने का प्रयास न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा का मामला है, बल्कि स्वतंत्र पत्रकारिता से भी जुड़ा विषय है। इस मामले में पुलिस की तत्परता से पत्रकार जगत में सकारात्मक संदेश गया है। आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच्पु लिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बालिग आरोपी के खिलाफ पूर्व से 10 आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। वहीं दूसरे आरोपी के विधि-विरुद्ध बालक होने के कारण उसके संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों, आरोपियों की भूमिका और अन्य संभावित कड़ियों की जांच में जुटी है। कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई से घटना का खुलासा होने के साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर भी भरोसा बढ़ा है। अब पुलिस जांच के आगे बढ़ने के साथ यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि हमले के प्रयास के पीछे वास्तविक कारण क्या था और घटना में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका थी या नहीं।

विधायक ने अपने कार्यालय मे सुनीं आमजन की समस्याएं

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। विधायक द्वारा अपने कार्यालय मे उपस्थित नागरिकों से संवाद किया। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

1.5 किमी कच्चे मार्ग को पक्का कराने की मांग

जागरूक नागरिकों ने विधायक से भेंट कर सौंपा ज्ञापन

सिवनी नवभारत। ग्राम हिवरा से सरगापुर होते हुए ढैंकी को जोड़ने वाले करीब 1.5 किलोमीटर कच्चे मार्ग को पक्का कराने की मांग को लेकर हिवरा के जागरूक नागरिक रामकुमार बघेल सहित अन्य ग्रामीणों एवं किसानों ने विधायक को आवेदन सौंपा है।ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग हिवरा एवं सरगापुर सहित आसपास के किसानों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है।

सड़क के दोनों ओर खेत होने से किसानों को ट्रैक्टर, थ्रेसर एवं अन्य कृषि उपकरण खेतों तक ले जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। वर्तमान में सड़क पूरी तरह कच्ची होने के कारण बारिश के दिनों में कीचड़ और गहरे गड्ढों से आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। किसानों को फसल खेत से घर अथवा मंडी तक लाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों का आवागमन भी प्रभावित होता है।

ग्रामीणों ने विधायक से मांग की है कि 1.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना (मनरेगा) अथवा ग्रामीण विकास विभाग की किसी उपयुक्त योजना में शामिल कर पक्का सड़क निर्माण कराया जाए।

आवेदन के साथ सड़क की वर्तमान स्थिति के फोटो तथा प्रभावित ग्रामीणों एवं किसानों के हस्ताक्षर भी संलग्न किए गए हैं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि मार्ग का निर्माण होने से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

माटी गणेश सिद्ध गणेश का प्रशिक्षण : प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी प्रतिमाएं जल को दूषित कर जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचाती है

सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी जी के दिशा निर्देशन में नवांकुर संस्था दिव्य शिक्षा आदर्श समिति गोपालगंज सेक्टर क्रमांक 03 ब्लॉक सिवनी द्वारा गोपालगंज के हॉयर सेकेंडरी स्कूल में माटी गणेश बनाने का सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती माया भलावी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोपालगंज, सुकवाह, पीपाड़ाही, कारीरात,आदि के सदस्यों के अलावा स्कूली छात्र/छात्राएं शामिल हुए। माटी से गणेश जी की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण जिला समन्वयक जी ने दिया। माटी गणेश से सिद्ध गणेश का सिद्धांत यह है कि जो प्रतिमा मिट्टी से बनेगी वो सीधे तौर पर मिट्टी में बिना नुकसान पहुंचाएं मिल जाती है जबकि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी प्रतिमाएं जल को दूषित कर

जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचाती है।

इसी सिद्धांत को लेकर जन अभियान परिषद सिवनी का माटी से गणेश प्रतिमाएं कैसे बनती है इसका प्रशिक्षण अधिक से अधिक लोगों को दे रहा है ताकि अधिकांस लोग इस मुहिम में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। कार्यक्रम को सफल बनाने में देव संस्कृति फाउंडेशन के अध्यक्ष रंजीत रानू साहू,मेंटर्स सुधीर ठाकुर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से श्रीमती द्रोपती साहू,अंबिका साहू,सोनी अवधिया, आरती साहू, रवि अवधिया ,टीकाराम साहू और रवि चंद्रवंशी, पिंकेश विश्वकर्मा आदि की उपस्थित रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन रवि अवधिया जी ने किया।

समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत छपारा में निकली कलश यात्रा

छपारा नवभारत। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत 8 सितंबर को छपारा मंडल में समरसता संकल्प कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा आदेगांव से चमारी खुर्द से होते हुए गोरखपुर घुंघसा उसके बाद छपारा मुख्यालय पर अंकित कोष्टा प्रवेश द्वार से नगर के बाजार स्थित संत रविदास भवन संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा स्थल पर पूजा अर्चना के पश्चात् बस स्टैंड छपारा तक यात्रा का भ्रमण किया गया। कलश यात्रा के दौरान कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं ने संत रविदास जी महाराज के विचारों, सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं आमजन की सहभागिता रही। भाजपा पदाधिकारियों ने संत रविदास जी महाराज के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने का आवाहन किया गया। इस

अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों में विकासखंड अधिकारी राकेश दुबे, नगर परिषद सीएमओ गीता बाल्मीकि, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर प्रदेश के खेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारी जयदीप सिंह चौहान, भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता प्रशांत सिंह भारद्वाज, नगर परिषद के सभापति धर्मेन्द्र उर्फ भूरा जैन छात्रावास अधीक्षक अरविंद सिंह ठाकुर, श्यामलाल कुसरे, राजू सैयाम, कर्मचारी गणों में अभिलाष दुबे, कन्या स्कूल के प्राचार्य अधीक्षिका मीरा रोतिया एवं स्थानीय स्कूल के शिक्षक गण के साथ सामाजिक बंधु एड, लक्ष्मण सिंह अहिरवार, कतल कमलेशिया, प्रकाश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

कान्हीवाड़ा में बेकाबू अतिक्रमण से जनता त्रस्त, छात्र-छात्राएं और बुजुर्ग परेशान

सिवनी नवभारत। जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत का दर्जा प्राप्त कान्हीवाड़ा इन दिनों गंभीर अतिक्रमण की चपेट में है। मुख्य बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि आम नागरिकों, विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। सड़कों पर वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़े होने के कारण मुख्य मार्गों पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानदारों द्वारा तय सीमा से आगे बढ़कर रोड पर टीन शेड लगा लिए गए हैं, जिससे रास्ते की चौड़ाई कम हो गई है। बस स्टैंड और मुख्य बाजार में सड़क की पटरियों तक पर स्थाई और अस्थाई दुकानें संचालित हो रही हैं, जिससे पैदल यात्रियों के लिए

जगह ही नहीं बची है।

वर्ष 2015 में कान्हीवाड़ा में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था, जिसमें सड़क के दोनों ओर से 33 फीट की दूरी तक के सभी कच्चे-पक्के निर्माण तोड़ने के आदेश दिए गए थे। उस दौरान क्षेत्र के कुछ गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रशासनिक टीम को लिखित अनुरोध किया गया था कि जेसीबी से तोड़फोड़ करने पर भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, और वे स्वयं अपने स्तर पर अतिक्रमण हटा लेंगे। इस आश्वासन के बाद कार्रवाई रोक दी गई थी, लेकिन इसके बाद न तो अतिक्रमण हटाया गया और न ही किसी ने स्वप्रेरणा से कब्जा छोड़ा। उलटे दुकानदारों द्वारा लगातार सड़क की जमीन पर कब्जा कर पक्की दुकानें और बढ़ा ली गईं।

स्थिति यह है कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और स्थानीय सक्षम अधिकारी इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह आंख मूंदे बैठे हैं। प्रशासन की इस निष्क्रियता के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। परेशान ग्रामीणों और राहगीरों ने जिले की संवेदनशील कलेक्टर नेहा मीना से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने आग्रह किया है कि कान्हीवाड़ा को अविलंब अवैध कब्जों से मुक्त कराया जाए, ताकि आए दिन लगने वाले जाम और हादसों से आम जनता को राहत मिल सके।

असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर का जगह -जगह हुआ आत्मीय स्वागत

धारनाकला नवभारत। बरघाट विकास खंड के धनेदृ कुमार। साहू का अपने ग्रह पहुचने पर बरघाट से लेकर ग्रह ग्राम जनमखारी तक लोगो ने आत्मीय स्वागत करते हुऐ उन्हे फूलो तथा मिठाईयो से तौलकर अपनी खुशी का इजहार किया है। उल्लेखनीय है धनेदृ कुमार साहू वर्ष 2003 मे सशस्त्र सीमा बल मे सिपाही के तौर भर्ती होकर देश सेवा मे शामिल हुऐ थे तथा ट्रेनिंग उपरांत 2004 से 2009 तक उत्तराखंड नेपाल सीमा मे तैनाती पश्चात वर्ष 2010 से दिसम्बर 2014 तक केन्द्रीय स्माल आर्य डिपो भोपाल मध्य प्रदेश मे पदस्थ रहते हुऐ अपनी सेवाऐ दी तथा इसके बाद हवालदार पद पर पदोन्नत होकर बिहार तथा नेपाल सीमा मे वर्ष 2015 से तैनात रहते हुऐ वर्ष 2016 मे नक्सल विरोधी दल मे अपनी सेवाऐ देते हुऐ मध्य प्रदेश स्टेट डिजास्टर इमरजेशी रिस्पांस फोर्स मे प्रति नियुक्ति पर वर्ष 2023 तक अपनी सेवाऐ देते हुऐ देश सेवा मे लगे रहे तथा इस दौरान अनेको बाढ से राहत बचाव। कार्य मे अपनी सेवाऐ दी सबसे विशेष बात यह रही की इन्हे ग्रह मन्त्री मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया अपनी सेवा के दौरान 37 good entry 23 cas Reward तथा 01डी जी डिस्क भी प्राप्त हुऐ प्रति नियुक्ति के पश्चात भारत के असम भूटान सीमा पर सेवारत रहते जनवरी 2025 मे असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत होते हुऐ अपने कर्तब्य पद पर बेहद अनुशासित तरीके से करतेक हुऐ 31 अगस्त को अपने

23 वर्ष की सेवाओं के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृति ली।

उपलब्धि भरा रहा है जीवन

उल्लेखनीय है की इनके जीवन की शुरुआत भी उपलब्धि से भरी हुई है इनकी प्रारम्भिक शिक्षा गोरखपुर व मिडिल स्कूल की शिक्षा समीपी ग्राम खामी से प्रारम्भ हुई तथा स्नातक शिक्षा बरघाट महा विधालय से की तथा 1999 मे अपने साथी को बचाने के लिये धनेदृ साहू ढुडी डेम मे कूद पड़े और अपने साथी को डूबने से बचा लिया इस उपलब्धि पर बरघाट नगर परिषद मे इन्हे पूर्व विधायक तथा सासंद जा ढालसिह बिजेनस के द्वारा सम्मानित भी किया गया ऐसी अनेको उपलब्धि इनके जीवन की रही है जो छेत्र मे इनका जगह जगह आत्मीय स्वागत हुआ है।

कुरई विकासखंड की ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

कुरई नवभारत। मंगलवार को कलेक्टर सिवनी के आह्वान पर कुरई विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान विकासखंड की ग्राम पंचायतें खुली रहीं और पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत परतापुर, लावासर्रा, गोंडेगांव और सीतापार सहित अन्य पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। पंचायत भवनों में सचिव, रोजगार सहायक, सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे और ग्रामीणों से उनकी समस्याओं एवं मांगों को लेकर जानकारी प्राप्त की गई।

ग्राम पंचायत परतापुर के सचिव विजय कुमार ने बताया कि कलेक्टर सिवनी के निर्देशन एवं आह्वान के अनुसार ग्राम पंचायत में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई के चलते मंगलवार को कुरई विकासखंड की अधिकांश ग्राम पंचायतों में दिनभर ग्रामीणों की आवाजाही बनी रही। पंचायत स्तर पर ही समस्याओं को सुनने की इस पहल से ग्रामीणों को अपनी शिकायतों एवं मांगों को रखने के लिए सुविधा मिली।

पांच माह से नहीं हुआ शिक्षा विभाग में वेतन

भगवान भरोसे चल रही है शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली

सिवनी नवभारत। जिले में शिक्षा विभाग भगवान भरोसे चल रहा है जिला शिक्षा अधिकारी ना तो अपने दफ्तर में स्थाई रूप से बैठते हैं और ना ही जिले की शाला में जाकर औचक निरीक्षण करते हैं ऐसी स्थिति में शालाओं की स्थिति हाल-बेहाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारियों का एक माह से वेतन नहीं हुआ है वहीं दूसरी ओर यहां पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारियों को लगभग 5 माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी परेशान है। बताया जाता है कि संचनालय शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा राशि का आवंटन वेतन हेतु कर दिए जाने के बावजूद भी जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में न बैठने के कारण वेतन पत्रक आदि कोषालय ना पहुंचने से वेतन भुगतान की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इस संबंध में कर्मचारियों का कहना है कि उनके द्वारा अनेक बैंकों से लोन लिया गया है और उन्हें मिलने वाला वेतन से उसे लोन की किस्त कटतीहै, लेकिन वेतन न होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमतौर पर कर्मचारी परिवार का भरण पोषण में मिलने वाले मासिक भुगतान से करते हैं लेकिन पांच माह से भुगतान न होने के कारण यह कर्मचारी विषम परिस्थितियों में भी गुजारा कर रहे हैं। जिला प्रशासन से अपील है कि इस मामले में संज्ञान लेकर जल्द से जल्द भुगतान की कार्यवाही करें।

आयोजन दिल की बात कार्यक्रम में उपस्थित हुए विधायक ठाकुर रजनीश, रूमाल रेस्ट हाऊस में कांग्रेस की बैठक आयोजित

3100 का धान और 2700 का गेहूं देने का वादा पूरा नहीं हुआ : रजनीश सिंह

उगली नवभारत। सिवनी जिले की जनपद पंचायत केवलारी के उप तहसील उगली अंतर्गत रूमाल रेस्ट हाउस में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उगली की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में विधायक रजनीश सिंह ठाकुर सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर पूज्य महात्मा गांधी एवं महान राजा भोज के नाम से निर्मित सभा मंच का लोकार्पण भी किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने पर विचार-विमर्श किया। विधायक रजनीश सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से आत्मीयता से

जुड़ते हुए कहा कि उनका और जनता का परिवार जैसा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि उनसे कोई भूल-चूक या गलती हुई हो तो उन्हें माफ कर दें और आगे भी इसी तरह अपना सहयोग एवं स्नेह बनाए रखें। उन्होंने विधायक से इस मामले को गंभीरता से उठाकर संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई कराने की मांग की। बैठक के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और क्षेत्र के जनहित के मुद्दों को लगातार उठाते रहने का संकल्प लिया।

मैं विपक्ष का विधायक हूं, फिर भी क्षेत्र की बात रखता हूं

दिल की बात कार्यक्रम के तहत विधायक रजनीश सिंह ठाकुर ने कहा कि वे विपक्ष के विधायक हैं, लेकिन जब भी मुख्यमंत्री का क्षेत्र में आगमन होता है तो वे क्षेत्र की समस्याओं को उनके सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की नहरों में सीमेंटीकरण सहित किसानों और आम लोगों से जुड़े कई मुद्दों को लगातार उठाया जा रहा है। विधायक ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल और गेहूं 2700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी का वादा किया गया था, लेकिन सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना और सम्मान निधि के नाम पर सरकार कोई एहसान नहीं कर रही है। महंगाई के माध्यम से आम जनता से उससे कई गुना अधिक पैसा वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी विधायक निधि से क्षेत्र में विकास कार्य स्वीकृत होते हैं, लेकिन सांसद क्षेत्र में आकर उन्हीं कार्यों का भूमि पूजन कर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती तो क्षेत्र के विकास के लिए सभी जरूरी कार्य करवाने का प्रयास किया जाता।

पत्रकार अजय नागेश्वर ने रखीं क्षेत्र की समस्याएं

बैठक के दौरान पत्रकार राजदीप राहंगडाले विधायक साहब से क्षेत्र में इसी तरह के कार्यक्रमों को आयोजित कर अपने विधायक क्षेत्र के ग्रामीण जनों की समस्याओं को विशेष ध्यान देने की बात रखी विशेष तौर पर स्वास्थ्य और शिक्षा के ऊपर रुमाल जलाशय की जीर्ण शीर्ण नहरों,बिजली समस्या और अन्य शासकीय कार्यों की ओर विधायक श्री का ध्यान आकर्षित करवाया, साथी पत्रकार अजय नागेश्वर ने विधायक रजनीश सिंह ठाकुर के समक्ष क्षेत्र से जुड़े जनहित के मुद्दे रखे। उन्होंने उप तहसील उगली में आय, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की सुविधा शुरू कराने के लिए प्रयास करने की मांग रखी, ताकि ग्रामीणों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए केवलारी नहीं जाना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन की स्थिति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन लगभग 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी कई गांवों में पानी नहीं पहुंच पाया है।

हादसों की सड़क पर साईड पटरी भराई का कार्य प्रारम्भ

धारनाकला नवभारत। हादसो की सडक सिवनी बालाघाट के बीच अनेक सडक दुर्घटनाऐ घटित होने तथा दर्जनो मौत सडक दुर्घटना मे होने के बाद अब सिवनी बालाघाट रोड के खतरनाक साईड सोलडर अथवा पटरी भराई का काम जवाबदारो के द्वारा प्रारम्भ किया गया है काश शायद जवाबदेह पहले ही यह काम पूर्ण कर लेते तो शायद खस्ताहाल सडक और पटरी के चलते अनेको युवको की जान बच गई होती और अनेको माता ओ की गोद सूनी नही होती।

वैसे पटरी के साथ साथ सिवनी बालाघाट रोड के परखच्चे जरूर उड गये है और रोड मे बने गडढो के कारण दो पहिया वाहन से फोर व्हीलर वाहन के चालन मे भी मुसीबते सामने है किन्तु इतनी जर्जर रोड के बाद भी टोल वसूली चालू है वैसे सिवनी बालाघाट रोड के फोर लाईन निर्माण को केबिनेट की हरी झंडी मिलने के बाद जरूर श्रेय लेने का सिलसिला अनवरत जरूर जारी है तथा पोस्टर बैनर जगह जगह टंगे हुऐ दिखाई दे रहे है किन्तु रोड का निर्माण कब से प्रारम्भ होगा इसका इन्तजार सभी को है।

केबिनेट की मंजूरी से कही खुशी कही गम की स्थिति

उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट रोब के फोर लाईन निर्माण को केबिनेट की मुहर लगने के बाद जहा जनमानस मे खुशी देखी जा रही है वही मुख्य मार्ग के किनारे तक अवैध कब्जा किये हुऐ लोगो मे भय का वातावरण भी देखा जा रहा है और लोगो को यह चिंता सताये जा रही है की कब उनके अवैध कब्जे तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सामने आ जाये चूकि आज भी लम्बी संख्या मे लोगो ने पी डब्ल्यू डी तथा शासकीय जमीन पर अपने पैर रोड के किनारे तक पसार रखे है तथा वर्तमान मे प्रशासनिक तौर पर अभी यह भी तय नही है सिवनी बालाघाट फोर लाईन के निर्माण मे रोड की चौड़ाई क्या ली जाती है वही अधिकारिक मापदंड के अनुसार प्राय फोर लाईन का निर्माण लगभग 146 फिट के दायरे मे आता है जो आऐ दिन सोशल मीडिया मे लोगो को पढने व सुनने मे मिल रहा है ऐसी स्थिति मे शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा धारियो की जरूर नीद उडी हुई है किंतु सिवनी बालाघाट रोड के शीघ्र निर्माण को लेकर जरूर लोगो की अपेक्षाऐ जुडी हुई है.